**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3030**
**दिनांक 07 अगस्त 2025**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन जारी किया जाना**

†3030. **डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**
**श्री राकेश राठौरः**
**श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि:**
**श्री सुनील कुमारः**
**श्री रामभुआल निषादः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कितने एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत कनेक्शन/नए कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार व्यौरा क्या है और पीएमयूवाई की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) तमिलनाडु सहित देश भर में अब तक नए लाभार्थियों और जारी किए गए कनेक्शनों की कुल संख्या कितनी है और जून 2025 तक अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के व्यक्तियों को जारी किए गए ऐसे कनेक्शनों की संख्या कितनी है;

(घ) देश भर में इस योजना के अंतर्गत उपलब्ध घरेलू गैस वितरण नेटवर्को, विशेषकर तमिलनाडु के संदर्भ में राज्य-वार और शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध वितरण नेटवर्कों की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार का इस योजना के अंतर्गत बिहार के वाल्मीकि नगर लोक सभा क्षेत्र के बगहा, रामनगर और नरकटियागंज में एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का विचार है या प्रदान कर चुकी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या इस योजना के अंतर्गत हाथरस जिले में गैस वितरण केंद्रों की संख्या पर्याप्त है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं;

(छ) क्या सरकार हाथरस जिले में ऐसे परिवारों की पहचान कर रही है जो पात्र होने के बावजूद इस योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं;

(ज) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आज की तारीख तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत सुल्तानपुर सहित उत्तर प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य और प्रदान किए गए कनेक्शनों की संख्या कितनी है; और

(झ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उक्त योजना के अंतर्गत पात्र होने के बावजूद हजारों परिवार कनेक्शन से वंचित रह गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

**(**क) से (ग): प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) मई, 2016 में शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य देश भर में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को जमानत मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करना था। पीएमयूवाई के तहत 8 करोड़ कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य सितंबर 2019 में हासिल किया गया था। शेष गरीब परिवारों को कवर करने के लिए, उज्ज्वला 2.0 की शुरुआत अगस्त 2021 में 1 करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शन जारी करने के लक्ष्य के साथ की गई थी, जिसे जनवरी 2022 में हासिल किया गया था। इसके बाद, सरकार ने उज्ज्वला 2.0 के तहत 60 लाख और एलपीजी कनेक्शन जारी करने का फैसला किया और दिसंबर 2022 के दौरान 1.60 करोड़ उज्ज्वला 2.0 कनेक्शन का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया। इसके अलावा, सरकार ने

पीएमयूवाई योजना के तहत अतिरिक्त 75 लाख कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दी, जिसे जुलाई 2024 तक हासिल कर लिया गया। दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार पीएमयूवाई के तहत कुल 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों में से 3.13 करोड़ से अधिक कनेक्शन पहले ही एससी/एसटी उपभोक्ताओं को दिए जा चुके हैं।

पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शनों का तमिलनाडु राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत जारी किए गए कनेक्शनों का विवरण अनुलग्नक-क में दिया गया है ।

(घ): तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू एलपीजी वितरण के बुनियादी ढांचे में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। 1 जुलाई, 2025 की स्थिति के अनुसार देश भर में कुल 25,573 एलपीजी वितरक हैं, जिनमें से 17,646 ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे हैं।

तमिलनाडु सहित एलपीजी वितरकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार और श्रेणीवार संख्या का विवरण **अनुलग्नक-ख** में दिया गया है ।

(ड़): बिहार में वाल्मीकि नगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पश्चिमी चंपारण जिले के अंतर्गत आता है। दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार तेल विपणन कंपनियों ने पश्चिमी चंपारण जिले में पीएमयूवाई योजना के तहत 5.6 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी किए हैं।

(च) और (छ): दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार ओएमसी के पास उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में 1.82 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन हैं जबकि जिले में कुल 4.03 लाख घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं।

रिफिल बुकिंग के 48 घंटे के भीतर अधिकांश उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर पहुंचा दिए जाते हैं।

हाथरस जिले में एलपीजी वितरकों की श्रेणीवार संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **शहरी** | **रुर्बन** | **ग्रामीण** | **दुर्गम क्षेत्रीय वितरक** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 19 | 1 | 33 |

**स्रोत: ओएमसी पीएसयू की ओर से आईओसीएल**

(ज): दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार तेल विपणन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में 2.29 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन जारी किए हैं। पीएमयूवाई के अंतर्गत कोई राज्य अथवा जिला-वार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।
सुल्तानपुर जिले और उत्तर प्रदेश में पीएमयूवाई के तहत जारी किए गए कनेक्शन नीचे दिए गए हैं:

| **जिला/राज्य** | **दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार कुल पीएमयूवाई कनेक्शन (लाख में)** | **विगत तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष के दौरान जारी किए गए कनेक्शन (लाख में)** |
|---|---|---|
| सुल्तानपुर | 2.29 | 0.16 |
| उत्तर प्रदेश | 185.87 | 18.87 |

**स्रोत: ओएमसी पीएसयू की ओर से आईओसीएल**

(झ): देश में एलपीजी की पहुँच अब लगभग पूर्ण हो चुकी है। सरकार देश में स्वच्छ रसोई ईंधन तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन समय-समय पर योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार पात्र परिवारों को जारी किए जाते हैं।

*****

**अनुलग्नक-क**

**'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन जारी किया जाना' के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे गए लोक सभा प्रश्न सं. 3030 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक ।**

**दिनांक - 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अंतर्गत कनेक्शन**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या | एससी/एसटी श्रेणी के अंतर्गत कनेक्शन |
|---|---|---|
| अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 13,822 | 738 |
| आंध्र प्रदेश | 9,71,999 | 1,73,830 |
| अरुणाचल प्रदेश | 53,694 | 32,399 |
| असम | 50,95,317 | 8,79,834 |
| बिहार | 1,16,26,959 | 21,78,547 |
| चंडीगढ़ | 2,026 | 44 |
| छत्तीसगढ | 38,01,052 | 17,25,401 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 17,752 | 13,626 |
| दिल्ली | 2,59,213 | 57,813 |
| गोवा | 1,950 | 568 |
| गुजरात | 43,07,135 | 10,40,900 |
| हरियाणा | 11,14,005 | 4,09,670 |
| हिमाचल प्रदेश | 1,50,608 | 46,860 |
| जम्मू और कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश | 12,69,392 | 2,87,658 |
| झारखंड | 38,93,247 | 12,35,050 |
| कर्नाटक | 41,43,086 | 12,59,836 |
| केरल | 3,87,588 | 77,937 |
| केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख | 11,080 | 8,990 |
| लक्षद्वीप | 370 | 276 |
| मध्य प्रदेश | 88,45,658 | 34,71,808 |
| महाराष्ट्र | 52,13,945 | 14,67,785 |
| मणिपुर | 2,24,881 | 70,110 |
| मेघालय | 3,16,976 | 1,59,365 |
| मिजोरम | 35,988 | 28,318 |
| नगालैंड | 1,22,054 | 48,206 |
| ओडिशा | 55,48,277 | 20,40,035 |
| पुदुचेरी | 19,408 | 7,296 |
| पंजाब | 13,58,469 | 10,35,732 |
| राजस्थान | 73,78,059 | 29,73,834 |
| सिक्किम | 19,872 | 3,039 |
| तमिलनाडु | 40,98,225 | 12,69,208 |
| तेलंगाना | 11,82,966 | 5,06,277 |
| त्रिपुरा | 3,16,367 | 1,55,000 |
| उत्तर प्रदेश | 1,85,87,419 | 48,75,498 |
| उत्तराखंड | 5,29,643 | 1,53,687 |
| पश्चिम बंगाल | 1,23,73,184 | 36,41,014 |

स्रोत: ओएमसी पीएसयू की ओर से आईओसीएल

अनुलग्नक-ख

**'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन जारी किया जाना' के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे गए लोक सभा प्रश्न सं. 3030 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक ।**

**दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार एलपीजी वितरकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार और श्रेणीवार संख्या ।**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **शहरी वितरक** | **रुर्बन वितरक** | **ग्रामीण वितरक** | **दुर्गम क्षेत्रिय वितरक** | **योग** |
|---|---|---|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 26 | 0 | 0 | 0 | 26 |
| दिल्ली | 318 | 0 | 0 | 0 | 318 |
| हरियाणा | 282 | 103 | 233 | 9 | 627 |
| हिमाचल प्रदेश | 69 | 14 | 91 | 37 | 211 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 126 | 34 | 75 | 40 | 275 |
| लद्दाख | 0 | 13 | 2 | 9 | 24 |
| पंजाब | 334 | 258 | 250 | 21 | 863 |
| राजस्थान | 434 | 163 | 654 | 134 | 1385 |
| उत्तर प्रदेश | 1007 | 709 | 2308 | 122 | 4146 |
| उत्तराखंड | 114 | 104 | 59 | 40 | 317 |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 0 | 4 | 5 | 1 | 10 |
| अरुणाचल प्रदेश | 6 | 6 | 33 | 40 | 85 |
| असम | 129 | 101 | 308 | 64 | 602 |
| बिहार | 240 | 252 | 1502 | 38 | 2032 |
| झारखंड | 163 | 52 | 356 | 20 | 591 |
| मणिपुर | 15 | 13 | 36 | 39 | 103 |
| मेघालय | 21 | 9 | 19 | 17 | 66 |
| मिजोरम | 11 | 6 | 26 | 16 | 59 |
| नगालैंड | 15 | 11 | 17 | 40 | 83 |
| ओडिशा | 173 | 100 | 578 | 114 | 965 |
| सिक्किम | 9 | 1 | 9 | 10 | 29 |
| त्रिपुरा | 18 | 8 | 47 | 14 | 87 |
| पश्चिम बंगाल | 405 | 164 | 962 | 74 | 1605 |
| छत्तीसगढ | 105 | 75 | 172 | 182 | 534 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 5 | 1 | 1 | 0 | 7 |
| गोवा | 44 | 4 | 5 | 2 | 55 |
| गुजरात | 421 | 121 | 487 | 13 | 1042 |
| मध्य प्रदेश | 472 | 210 | 485 | 385 | 1552 |
| महाराष्ट्र | 1009 | 192 | 846 | 193 | 2240 |
| आंध्र प्रदेश | 324 | 299 | 430 | 107 | 1160 |
| कर्नाटक | 535 | 139 | 551 | 53 | 1278 |
| केरल | 224 | 136 | 321 | 22 | 703 |
| लक्षद्वीप | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| पुदुचेरी | 15 | 11 | 3 | 0 | 29 |
| तमिलनाडु | **566** | **364** | **613** | **109** | **1652** |
| तेलंगाना | 291 | 105 | 335 | 80 | 811 |

स्रोत: ओएमसी पीएसयू की ओर से आईओसीएल